दिनांकः 04.02.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते से राजस्थान की प्रगति के नए द्वार खुलेंगे।
- प्रदेश में कल से ग्राम उत्थान शिविरों का दूसरा चरण शुरू होगा–पहले चरण में 77 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए।
- राज्य सरकार जोधपुर–पाली–मारवाड़ और कंकाणी औद्योगिक क्षेत्रों को प्रायोरिटी सेमीकंडक्टर कॉरिडोर के रूप में विकसित करेगी।
- इंडिया स्टोनमार्ट 2026 की शुरुआत कल से जयपुर में–500 से ज्यादा स्टॉल्स पर पत्थर, मशीनरी और अन्य उत्पाद प्रदर्शित किये जाएंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह देश हित में है और विशेषकर राजस्थान के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने वाला है। आज एक संदेश जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है, जिससे हमारे निर्यातकों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछले 6 सालों में केंद्र सरकार ने 9 ऐतिहासिक ट्रेड डील की है, जो इस बात का प्रमाण है कि पूरा विश्व भारत का लोहा मानता है। उन्होंने कहा कि है डील इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत का विजन दुनिया भर में मान्यता पा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका की ऐतिहासिक डील से प्रदेश के ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट और स्टोन इंडस्ट्री के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खुलेंगे, जिससे निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

...............

प्रदेश में कल से ग्राम उत्थान शिविरों का दूसरा चरण शुरू होगा। यह चरण 9 फरवरी तक चलेगा। शिविरों का आयोजन हर गिरदावर सर्किल पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया है। इन शिविरों में 13 विभागों की सेवाएं एक ही छत के नीचे मिल रही हैं। अब तक आयोजित शिविरों में 77 लाख से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया है। किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड और स्वामित्व कार्ड वितरित किये जा रहे हैं। पशुपालकों के लिए टीकाकरण और पंजीकरण की सुविधा भी शिविरों में उपलब्ध है।

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर में 'बजट युवा सम्मेलन' को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट–2026 केवल आय–व्यय का विवरण नहीं, बल्कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की कार्य योजना है। श्री शेखावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बजट अब चुनावी घोषणाओं के बजाय राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन गया है। उन्होंने युवाओं से उद्यमिता और नवाचार अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि स्टार्टअप और डिजिटल शिक्षा से देश की तस्वीर बदल रही है।

...............

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को लेकर प्रदेश में विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। राज्य के निजी और सरकारी स्कूलों में इस कार्यक्रम को सामूहिक रूप से दिखाने की तैयारियां की जा रही हैं। पाली जिले की 12वीं कक्षा की छात्रा कलश ने बताया कि उनके स्कूल में सभी विद्यार्थी एक साथ इस कार्यक्रम को देखेंगे। उन्होंने कहा

कि प्रधानमंत्री के सुझावों से उन्हें परीक्षा के लिए नए तरीके सीखने को मिलेंगे और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

...............

प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना की राष्ट्रीय मासिक रैंकिंग में राजस्थान ने एक बार फिर पहला स्थान प्राप्त किया है। जनवरी 2026 की रैंकिंग में राजस्थान देश भर में शीर्ष पर रहा है, जबकि कर्नाटक दूसरे और असम तीसरे स्थान पर है। उपमुख्यमंत्री और महिला तथा बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने इस उपलब्धि पर विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में विभाग लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस योजना के तहत पहले बच्चे के जन्म पर पात्र महिलाओं को पांच हजार रुपये की सहायता दी जाती है। वहीं, 1 अप्रैल 2022 के बाद दूसरी संतान के रूप में बालिका के जन्म पर छह हजार रुपये की एकमुश्त राशि देने का प्रावधान है।

राज्य सरकार ने जोधपुर–पाली–मारवाड़ और कंकाणी औद्योगिक क्षेत्रों को प्रायोरिटी सेमीकंडक्टर कॉरिडोर घोषित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए नई राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी की पहल की गई है। सेमीकंडक्टर इकाइयां लगाने के इच्छुक निवेशकों को राजनिवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। नीति की निगरानी के लिए स्टेट एम्पॉवर्ड कमेटी और स्टेट लेवल सेंक्शनिंग कमेटी गठित की जाएगी। निवेशकों को जमीन का आवंटन तेजी से किया जाएगा। साथ ही बिजली और पानी की सुविधाएं प्राथमिकता पर दी जाएंगी। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर की टेस्टिंग और पैकेजिंग के क्षेत्र में निवेश लाना है। इससे राज्य में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में कल से इंडिया स्टोनमार्ट 2026 की शुरुआत होगी। यह प्रदर्शनी 8 फरवरी तक चलेगी। इसमें 500 से अधिक स्टॉल्स के माध्यम से पत्थर, मशीनरी और नए उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस बार जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल, डिजाइन प्रतियोगिताएं और ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम विशेष आकर्षण होंगे। स्टोनमार्ट में देश–विदेश के व्यापारी और निवेशक हिस्सा लेंगे। इसका उद्देश्य पत्थर उद्योग में तकनीक और व्यापार को बढ़ावा देना है।

विश्व कैंसर दिवस पर आज प्रदेशभर में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जैसलमेर में रैली निकालकर कैंसर की रोकथाम और समय पर उपचार का संदेश दिया गया। दौसा में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों ने इस बीमारी के लक्षणों और जांच के महत्व की जानकारी दी। डॉ. ज्योति मीणा ने समाज को कैंसर के प्रति सजग रहने को कहा।

...............

ब्रेस्ट कैंसर पर जानकारी देते हुए जोधपुर एम्स में सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. जीवन विश्नोई ने बताया कि समय रहते जांच और उपचार से स्टेज–1 में ब्रेस्ट कैंसर की पहचान होने पर 97 से 100 प्रतिशत तक मरीज स्वस्थ हो सकते हैं।
उन्होंने बताया कि पहले यह समस्या मेट्रो शहरों तक सीमित थी, लेकिन अब पश्चिमी राजस्थान में भी इसके मामले सामने आ रहे हैं।

पाली जिले के बाली, साण्डेराव और जवाई बांध सहित कई क्षेत्रों में रबी की फसलों में कीट और रोगों की पुष्टि हुई है। कृषि विभाग की विशेष जांच टीम के दौरे के बाद सरसों, गेहूं, चना, अरंडी और मसालों की फसलों में खराबी सामने आई है। कृषि उपनिदेशक डॉ. खुमान सिंह ने प्रभावित इलाकों के किसानों को सलाह दी है कि वे फसलों को बचाने के लिए रसायनों का उचित छिड़काव करें। उन्होंने चने की फसल के लिए इमामेक्टीन बेंजोइट और गेहूं के लिए टेबुकोनाजोल के उपयोग के निर्देश दिए हैं। सरसों में मोयला कीट की समस्या को देखते हुए उन्होंने पकती फसल पर छिड़काव न करने को कहा है, जबकि तारामीरा के लिए इमिडाक्लोपिड दवा के प्रयोग का सुझाव दिया है।

झुंझुनूं के कलेक्टर कार्यालय परिसर में जल्द ही मिलेट कैफे शुरू किया जाएगा। प्रधानमंत्री के श्री अन्न के विजन को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की जा रही है। इस कैफे का संचालन महिला अधिकारिता विभाग और राजीविका की प्रशिक्षित महिलाएं करेंगी। कैफे के प्रबंधन और भोजन बनाने की जिम्मेदारी महिलाओं के पास ही होगी। राजीविका दीदी ममता ने बताया कि कैफे के मेन्यू में श्री अन्न से बने व्यंजनों को शामिल किया गया है।

...............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 20 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।